फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री भँवर सिंह रावत नि0 धर्मेशपुरी तहसील भीम जिला राजसमन्द पिनकोड – 305921

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम **– प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 07 / 2024**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 12.02.2024 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित ऑनलाईन प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर सूचना लोक लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम से जरिये क्रमांकः– सू0अ0 / 2024 / 148 दिनांक 12.02.2024 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी श्री भँवर सिंह रावत नि0 धर्मेशपुरी तहसील भीम द्वारा चाही गयी वांछित सूचना अपीलार्थी को तहसीलदार भीम द्वारा उपलब्ध करवा दी गयी है। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना अपीलार्थी को तहसीलदार भीम के पत्र क्रमांकः भू0अ0 / 2024 / 163 दिनांक 09.02.2024 से अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना स्वयं प्राप्त कर दी जाने से उक्त प्रकरण खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम तथा लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** Bullo लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर) राजसमंद	

न्यायालय जिला कलक्टर ★ राजसमन्द (राज.) ★